AMAR UJALA

Page No. 04 (My City) Date. 05th Jan 2020

# अपराजिता के तहत चिकित्सा शिविर आज

गाजियाबाद। अमर उजाला अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार यानि आज चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। आईटीएस डेंटल कॉलेज के सहयोग से राजनगर एक्सटेंशन स्थित बाल मुकुंदा सोसायटी में शिविर आयोजित होगा। शिविर की शुरुआत सुबह साढ़े नौ बजे से की जाएगी और समापन दोपहर ढाई बजे किया जाएगा। दंत रोग और फिजियोथेरिपी से संबंधित समस्या होने पर लोग शिविर में आकर चिकित्सकों से परामर्श ले सकते हैं। दंत रोग विशेषज्ञ और फिजियोथेरिपी विशेषज्ञ लोगों की जांच और उपचार के लिए शिविर में मौजूद रहेंगे।

अपराजिता 100 MILLION SMILES

AMAR UJALA

Page No. 04 (My City) Date. 06th Jan 2020

# स्वस्थ शरीर के साथ दांतों पर दें ध्यान




माई सिटी रिपोर्टर

**गाजियाबाद।** अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत रविवार को राजनगर एक्सटेंशन की बाल मुकुंदा सोसायटी में आईटीएस मुरादनगर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर लगा। इसमें सोसायटी में रहने वाली महिलाओं और बच्चों ने अपने दांतों की जांच कराई। चिकित्सकों ने शिविर में आए लोगों को स्वस्थ शरीर के साथ दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए।

स्वास्थ्य शिविर में सोसायटी के कुल 184 लोगों स्वास्थ्य जांच के लिए पहुंचे, जिसमें से 140 लोगों के दांतों की जांच और 44 मरीजों को फिजियोथेरेपी संबंधी परामर्श दिया गया। शिविर में 37 मरीजों के दांतों की सफाई हुई। 14 लोगों के दांतों में चिकित्सकों ने मसाला भरा। आठ लोगों का दांत खराब होने पर निकाला गया। डा. विक्रम अरोड़ा के नेतृत्व में शिविर संचालित किया गया। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को स्वस्थ दांतों के लिए टिप्स दिए। खासकर बच्चों को दांतों की देखभाल संबंधी जानकारी चिकित्सकों ने दी।



पिछले कई दिनों से दांतों में दर्द था, शिविर में चिकित्सकों को दिखाया और परामर्श लिया। - खुशी



सोसायटी में शिविर लगने का लाभ मिला। चिकित्सको ने दांतों की देखभाल संबंधी जानकारी दी। - शोभा श्रीवास्तव



ऐसे शिविर सोसायटी में समय-समय पर आयोजित होते रहें तो महिलाओं को इसका अधिक लाभ मिलेगा। - लक्ष्मी शुक्ला



रविवार सुबह सोसायटी में शिविर की जानकारी मिली। चिकित्सकों से दांतों की जांच भी कराई। - उमा अग्रवाल